समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी, लाखों छात्रों का इंतजार खत्म, यहां चेक करे नतीजे।

Publisher
Published on 06 May 2025



**मध्य प्रदेश बोर्ड की ओर से दसवीं क्लास और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है. जिन्हे स्टूडेंट्स आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते है.**

मध्य प्रदेश के लाखों छात्रों के लिए आज का दिन बेहद खास बन गया है. MP Board 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट 2025 आज, 6 मई को आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है. लंबे समय से छात्र और अभिभावक जिस घड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वह आखिरकार आ ही गई. मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (MPBSE) ने रिजल्ट जारी कर दिए हैं. नतीजे यहां दिए गए स्टेप्स के जरिए छात्र चेक कर सकते हैं.

इस बार परीक्षा में 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 16 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे. 10वीं की परीक्षाएं 27 फरवरी से 19 मार्च 2025 तक और 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं. रिजल्ट जारी न होने से छात्र असमंजस में थे, लेकिन अब MPBSE ने स्थिति साफ कर दी है.

बेटियों की चमक से रोशन हुआ एमपी
हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) की परीक्षा में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने इतिहास रच दिया. उन्होंने 100 प्रतिशत अंक यानी 500 में से पूरे 500 अंक हासिल किए हैं. प्रज्ञा इस साल प्रदेश की एकमात्र छात्रा हैं जिन्होंने सभी विषयों में फुल मार्क्स प्राप्त किए हैं.

वहीं, इंटरमीडिएट (कक्षा 12वीं) की परीक्षा में सतना की प्रियल द्विवेदी ने टॉप किया है. उन्होंने 98.4 प्रतिशत अंक यानी 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान पाया. प्रियल विज्ञान संकाय की छात्रा हैं, लेकिन उन्होंने कला और वाणिज्य संकाय के टॉपर्स को भी पीछे छोड़ते हुए टॉप किया है.

किसके कितने परसेंट मार्क्स

10वीं में जहां प्रज्ञा जायसवाल ने 100 फीसदी अंक लाकर प्रदेश को गौरवान्वित किया, वहीं 12वीं में प्रियल द्विवेदी ने 98.4 फीसदी अंक हासिल किए.

रिजल्ट कैसे देखें ?

१. आधिकारिक वेबसाइट mpresults.nic.in या mpbse.nic.in पर जाएं.

२.होमपेज पर “MP Board 10th/12th Result 2025” लिंक पर क्लिक करें.

३. रोल नंबर और एप्लीकेशन नंबर दर्ज करें.

४. सबमिट करते ही आपका रिजल्ट स्क्रीन पर आ जाएगा.

५. रिजल्ट डाउनलोड करें और आगे के लिए प्रिंट निकाल लें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.